वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह) : (क) से (ग). समाजशास्त्रीय के लिए अनुरोध करते हुए यूनाइटेड किंगडम के प्राधिकारियों ने बताया कि उनका उद्देश्य उन इलाकों के देहाती जीवन का अनुभव प्राप्त करना है, जो इलाका अधिक से अधिक इसका प्रतिनिधित्व करता है इस इलाके में सुरक्षा अधिष्ठापन नहीं थे । वास्तविकता यह है कि इन अधिकारियों ने दस दिन के बाद अपनी यात्रा बीच में ही छोड़ दी, जब इनमें से एक अधिकारी को पेड़ से गिर जाने के कारण चोट आ गई ।

IMPORT OF ROUGH DIAMONDS FROM EAST GERMANY

5189. SHRI BHARAT SINGH CHAUHAN : Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased to state :

(a) whether Government have entered into a trade agreement with the East German Government for importing rough diamonds from East Germany;

(b) if so, the details thereof; and

(c) whether this agreement will have any adverse effect on Indian diamond mines ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOREIGN TRADE (SHRI RAM SEWAK) : (a) and (b) During trade talks held in New Delhi in December, 1968, the visiting G.D.R. Trade team offerd to supply Rough Diamonds to India. But uptil now, no import has been effected by any Indian party.

(c) Does not arise.

प्रतिरक्षा मंत्रालय में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालय में काम कर रहे अधीक्षकों के विरुद्ध अस्पृश्यता का व्यवहार करने की शिकायतें

5190. **श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
श्री प० मु० सईद :

क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कार्यालय में अनुमानवार कितने अधीक्षक हैं तथा प्रत्येक अधीक्षक इस पद पर किस तारीख से काम कर रहा है;

(ख) उस कार्यालय में अधीक्षकों के विरुद्ध इस आशय की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि वे अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के कर्मचारियों के साथ अपने व्यवहार में छुआ छूत की भावना रखते हैं;

(ग) क्या इन अधीक्षकों के विरुद्ध सरकार ने उचित कार्यवाही की है; और

(घ) यदि हां, तो क्या और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री म० मा० मिश्र) : (क) सूचना विवरण में दी गई है । जो सभा पटल पर रखा गया है । **[ग्रन्थालय में रखा गया । देखिए** संख्या LT-2507/29] ।

(ख), (ग) तथा (घ). मुख्य प्रशासनिक अफसर के कार्यालय के किसी सुपरिन्टेंडेंट के विरुद्ध ऐसी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई । तदपि, एक सुपरिन्टेंडेंट के मामले में सेना मुख्यालयों में एक अनुसूचित जाति कर्मचारी से एक शिकायत प्राप्त हुई थी कि सुपरिन्टेंडेंट अपने अधीनस्थों के प्रति अस्पृश्यता के भाव रखता था । जांच पर पता चला कि उस शिकायत में कोई तथ्य न था । इस सम्बन्ध में और अभिवेदन निरीक्षण अधीन हैं । जांच पर वायुसेना मुख्यालयों के एक सुपरिन्टेंडेंट के विरुद्ध एक और शिकायत निराधार पाई गई थी ।

अस्पृश्यता बरतने के लिए प्रतिरक्षा मंत्रालय में राजपत्रित अधिकारियों के विरुद्ध शिकायतें

5191. **श्री नारायण स्वरूप शर्मा :** क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :